20/7/22

पत्रावली पेश हुई। पीठासीन अधिकारी दीगर कार्यों मे व्यस्त है, मिसल इल्तबा होकर पत्रावली पुर्व आदेशिकानुसार आईन्दा दिनांक 21/7/22 को पेश हो।

21/7/22

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी वकील उप०। विप्रार्थी सं.4 के वकील उप०। पत्रावली वास्ते विप्रार्थी सं.4 के जवाब हेतु अनेक अवसर देने के बावजूद भी जवाब पेश नही किया। अतः उनके जवाब के अवसर बन्द किया जाता है। पत्रावली वास्ते बहस हेतु आईन्दा दिनांक 03/08/22 को पेश हो।

03/8/22

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण वकील उप०। शेष विप्रार्थीगण के सम्मन तामील शुदा प्राप्त होने के बावजूद भी उनकी ओर से कोई भी उपस्थित नही हुआ अतः उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लायी जाती है। प्रार्थीगण वकील ने उक्त आवेदन पर बहस सुनने का निवेदन किया। बहस सुनी गयी। [illegible] किया गया। पत्रावली का [illegible] अवलोकन किया गया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2022.08.27 14:33:39 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल |
|---|---|
| | स्वीकार करने योग्य है।<br>अत: नेरुमबन्दी आदेश अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से कम हो। |

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2022.08.27 14:33:39 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा जिला बाड़मेर

| प्रार्थीगण | | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. मगाराम पुत्र सताराम<br>2. गेनाराम पुत्र सताराम<br>3. नीम्बाराम पुत्र सताराम<br>जाति जाट निवासी सिहांनिया तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर। | **बनाम** | 1. मनोहर 2. भीखा पि. बच्चु 3. नसीर पुत्र चतु<br>4. काना पुत्र भैरा 5. पुरखा 6. गुमना<br>7. सताराम पि. गंगाराम<br>8. आसु पुत्र गंगाराम<br>9. काना पुत्र गंगाराम जाति जाट निवासी सिहाणिया तहसील सेड़वा<br>10. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार सेड़वा जिला बाड़मेर। |

प्रार्थना **पत्र** अन्तर्गत **धारा 111, 128 राज.भू. राजस्व** अधिनियम वास्ते नेखमबंदी बाबत्।

राजस्व आवेदन संख्या 43/2021 दिनांक : 03.08.2022

**आदेश**

तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रकरण में तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र अरटी भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र अरटी के मौजा सिहांनिया के खेत खसरा संख्या 669/377 रकबा 06.18 बीघा किस्म बारानी सोयम के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त विवादित भूमि की पेमाईश आप अपने स्तर पर टीम गठित कर दोनों पक्षों को विधि को विधि सम्मत नोटिस के जरिये सूचित कर यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तथा नेखमबंदी की पालना 15 दिवस में अवश्य पेश करें। नेखमबंदी के दौरान किसी बिन्दु पर किसी प्रकार निर्माण होने की स्थिति में उस बिन्दु पर नेखम स्थापित नहीं किया जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहसीलदार दोनों पक्षों को नोटिस जारी करने के उपरान्त ही नेखमबंदी की कार्यवाही करेंगें।

नेखमबंदी के दौरान विप्रार्थीगण के हितों पर कुठाराघात न हों। आवश्यकता होने पर संबंधित पुलिस थाना से इमदाद हेतु अधिकृत किया जाता है।

(रामजी भाई कलबी)
उपखण्ड अधिकारी
O/C सेड़वा

क्रमांक/भू.अ./2022/1692-96 दिनांक 05/08/2022

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

1. तहसीलदार सेड़वा।
2. प्रार्थी मगाराम पुत्र सताराम वगैरा।
3. विप्रार्थीगण मनोहर पुत्र बच्चु वगैरा।
4. थानाधिकारी पुलिस थाना सेड़वा/चौहटन/बाखासर/गडरारोड/धोरीमन्ना।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2022.08.27 14:33:39 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
O/C सेड़वा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

राजस्व आवेदन सं. 43/2021 अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट

## मगाराम वगैरा बनाम मनोहर वगैरा

पीठासीन अधिकारी –श्री रामजी भाई कलबी आर.ए.एस

प्रार्थीगण वकील – बाबुलाल विश्नोई

## निर्णय

दिनांक – 03.08.2022

प्रस्तुत प्रकरण में संक्षिप्त मे तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र मे कथन किया है कि तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र अरटी भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र अरटी के मौजा सिहांनिया के खेत खसरा संख्या 669/377 रकबा 06.18 बीघा किस्म बारानी सोयम स्थित है। प्रार्थीगण के खेत के पास विप्रार्थीगण उक्त खातेदारी भूमि के पडोसी है। जिनके खेत प्रार्थीगण के खेत के पडोस में स्थित होने के कारण बरसात के समय वक्त काश्त अक्सर विप्रार्थीगण सेढो को लेकर विवाद करते रहते है। प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को लेकर विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगड्डी पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थीगण ने पेमाईश एवं नेखमबन्दी करने का निवेदन किया है। प्राथीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थी संख्या 2 की ओर से अधिवक्ता करनाराम आये। विप्रार्थी संख्या 2 को जवाब हेतु अनेक अवसर दिये जाने के उपरान्त भी जवाब पेश नहीं किया गया अतः जवाब का अवसर बंद कर दिया गया। शेष विप्रार्थीगण के नोटिस बाद तामिल प्राप्त हुए। लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ, अतः उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। जिससे स्पष्ट होता है कि प्रार्थीगण के वक्त काश्त प्रार्थी व विप्रार्थीगण के मध्य सीमाओ को लेकर विवाद बना रहता है, इस कारण प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमी की पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थीगण विवादित भूमि के खातेदार काश्तकार राजस्व रेकर्ड मे दर्ज होने के कारण प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार की तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र अरटी भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र अरटी के मौजा सिहांनिया के खेत खसरा संख्या 669/377 रकबा 06.18 बीघा किस्म बारानी सोयम की नेखमबन्दी करने का आदेश दिया जाता है। नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर को निर्देश दिये जाते है कि वो दोनो पक्षो के रूबरू किसी मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पैमाईश करे व भूमापक कर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है कि किसी सक्षम न्यायालय से स्थगन आदेश न हो तो वो दोनो पक्षो के रूबरू विवादित भूमि की मौके की स्थिति व कब्जे काश्त मे परिवर्तन किये बिना मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पेमाईश करे व नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करे वक्त पेमाईश हल्का पटवारी को साथ रखे। नेखमबन्दी के दौरान किसी बिन्दु को लेकर विवाद की स्थिति हो तो नेखम स्थापित नहीं किये जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहरीर जारी हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2022.08.27 14:33:39 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार सेड़वा को आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण के खसरे की नेखमबन्दी विप्रार्थीगण की उपस्थिति में करावें एवं नेखमबन्दी के दौरान विप्रार्थीगण के हितो पर कुठाराघात न हो।

पत्रावली पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर पेश हो पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।
निर्णय आज दिनांक 03.08.2022 को न्यायालय के खुले परिसर में सुनाया गया।

(रामजी भाई कलबी)
उपखण्ड अधिकारी, सेड़वा